# रजिस्ट्रार कार्यालय समाचार

## नवंबर 2025

**नवंबर - दिसंबर 2025 सत्र**

1. इस सत्र से छात्रों के प्रवेश पत्र Student Login Link तथा Center Login Link पर प्राप्त हो रहे है।
2. नवंबर - दिसंबर 2025 सत्र की लिखित परीक्षा रविवार, दि. 16 नवंबर, 2025 को संपन्न होगी। विगतवार कार्यक्रम इस प्रकार होगा।

**प्रातः 9 से 11**

- प्रवेशिका पूर्ण - **गायन / वादन तथा कथक नृत्य**

**प्रातः 9 से 12**

- मध्यमा प्रथम / पूर्ण - **गायन / वादन तथा कथक नृत्य**
- विशारद प्रथम / पूर्ण - सभी विषय (प्रथम प्रश्नपत्र)
- अलंकार प्रथम / पूर्ण - सभी विषय (प्रथम प्रश्नपत्र)

**दोपहर 2 से 4**

- प्रवेशिका पूर्ण - **तबला / पखावज, भरतनाट्यम, ओडिसी**

**दोपहर 2 से 5**

- मध्यमा प्रथम / पूर्ण - **तबला / पखावज, भरतनाट्यम, ओडिसी**
- विशारद प्रथम / पूर्ण - सभी विषय (द्वितीय प्रश्नपत्र)
- अलंकार प्रथम / पूर्ण - सभी विषय (द्वितीय प्रश्नपत्र)

3. कृपया ध्यान दें कि, नवंबर - दिसंबर 2025 सत्र की सभी विषयों की प्रारंभिक से विशारद पूर्ण तक की क्रियात्मक परीक्षायें संपन्न करने की अंतिम तिथी दि. 25 दिसंबर 2025 रहेगी। अंतिम तिथी के पश्चात बिना अनुमती परीक्षा कार्य करनेवाले संबंधित केंद्र पर मंडल द्वारा उचित कार्यवाही की जायेगी।
4. **प्रारंभिक तथा प्रवेशिका प्रथम की क्रियात्मक परीक्षा:**
   कृपया ज्ञात हो की, जिन परीक्षा केन्द्रों को प्रारंभिक तथा प्रवेशिका प्रथम की परीक्षाएँ स्थानिक परीक्षक द्वारा संपन्न कराने की सूचना कार्यालय द्वारा दी गई है, केवल वे ही अपने केंद्र पर संबंधित परीक्षा तथा विषय के लिए स्थानीय परीक्षक की नियुक्ति करें। अन्य केन्द्रों पर कार्यालय द्वारा ही परीक्षकों की नियुक्ति की गई है। केंद्र व्यवस्थापक अपनी ओर से कोई परिक्षक नियुक्त न करें।
5. क्रियात्मक परीक्षा, मंडल की पुरस्कृत मार्कशीट के अनुसार तथा एक-एक परीक्षार्थी की अलग अलग से ही होना आवश्यक है। एक से अधिक परीक्षार्थियों की क्रियात्मक परीक्षा एक साथ होने की सूचना मिलने पर ऐसी परीक्षा रद्द की जा सकती है।
6. जिन परीक्षा केन्द्रों पर विशारद/अलंकार की परीक्षार्थीयों की संख्या कम होने के कारण ऐसे परीक्षार्थियों को नियमानुसार अन्य केन्द्रों पर केवल क्रियात्मक परीक्षा के लिए स्थानांतरित किया जाता है, ऐसे सबंधित केन्द्रों को उचित मार्गदर्शन अवश्य करें। तथा जिन केन्द्रों पर परीक्षार्थीयों को स्थानांतरित किया जाता है ऐसे केन्द्रों को भी इसकी सूचना कार्यालयद्वारा दी जा रही है।

कृपया सूचना पत्र प्राप्त होते ही केंद्र व्यवस्थापक ऐसे परीक्षार्थीयों की क्रियात्मक परीक्षा की व्यवस्था करें, तथा परीक्षा कार्य में मंडल को सहयोग दें।

7. क्रियात्मक परीक्षा के बाद केंद्र-व्यवस्थापक तथा परीक्षक अनुपस्थित परीक्षार्थीयों के रोल नंबर्स ठीक से जाँच ले। अनुपस्थित के संबंध में अगर कोई समस्या परीक्षा फल घोषित होने के बाद आती है, तो उसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी परीक्षक एवं केंद्र व्यवस्थापक की ही होगी।
8. इस सत्र के परीक्षा परिणाम संभवतः 30 जनवरी 2026 तक सभी परीक्षा केन्द्रों पर भेजने का प्रयास कार्यालय द्वारा किया जाएगा। कृपया ध्यान दे की, क्रियात्मक परीक्षा में हुए विलम्ब के कारण या क्रियात्मक परीक्षक द्वारा अंक पत्रिका विलम्ब से भेजने के कारण परीक्षा फल घोषित करने में विलम्ब हो सकता है। अतः सभी से नम्र निवेदन है कि, परीक्षा फल समय पर घोषित करने के लिए कृपया हमें उचित सहयोग करें।
9. कृपया ध्यान दें, अलंकार परीक्षार्थीयों की क्रियात्मक परीक्षा जनवरी के प्रथम या द्वितीय सप्ताह में सम्पन्न हो रही है।
10. अलंकार परीक्षा में सम्मिलित होनेवाले छात्रों को लिखित तथा क्रियात्मक परीक्षा के समय अपना फोटो परिचय पत्र (Photo Identity Proof) अपने साथ रखना अनिवार्य है। कृपया इस सन्दर्भ में संबंधित छात्रों को तुरंत सूचित करें।
11. संगीताचार्य की परीक्षा केवल वाशी, नवी मुंबई स्थित गान्धर्व महाविद्यालय में ही संपन्न होगी।
12. परीक्षा से संबंधित सभी बातों पर रजिस्ट्रार का निर्णय अंतिम होगा।
13. केवल International Exam Center एवं सभी विदेशी केन्द्रों के लिये...

**सभी विदेश स्थित केंद्रो की इस सत्र की लिखित परीक्षा शनिवार, दि.08 , 09 , 22 एवं 23 नवंबर 2025 को संपन्न होगी।**
**विगतवार कार्यक्रम इस प्रकार होगा।**

**शनिवार, दि.08 नवंबर 2025**
- रात : 8.30 से 10.30 (Indian Standard Time)
- प्रवेशिका पूर्ण – सभी विषय

---

**रविवार, दि.09 नवंबर 2025**
- रात : 8.30 से 10.30 (Indian Standard Time)
- मध्यमा प्रथम / पूर्ण – सभी विषय

---

- **शनिवार, दि.22 नवंबर 2025**
- रात : 8.30 से 11.30 (Indian Standard Time)
- विशारद प्रथम / पूर्ण तथा अलंकार प्रथम/पूर्ण – सभी विषय (प्रथम प्रश्नपत्र)

---

- **रविवार, दि.23 नवंबर 2025**

रात : 8.30 से 11.30 (Indian Standard Time)
- विशारद प्रथम / पूर्ण तथा अलंकार प्रथम/पूर्ण – सभी विषय (द्वितीय प्रश्नपत्र)

**कृपया ध्यान दें कि, नवंबर –दिसंबर 2025 सत्र की सभी विषयों की प्रारंभिक से विशारद पूर्ण तक की क्रियात्मक परीक्षायें संपन्न करने की अंतिम तिथी दि. 25 दिसंबर 2025 रहेगी। अंतिम तिथी के पश्चात बिना अनुमती परीक्षा कार्य करनेवाले संबधित केंद्र पर मंडलद्वारा उचित कार्यवाही की जायेगी।**

रजिस्ट्रार
(अ.भा.गां.म.वि.मंडल, मुंबई)


ISSN No. 0036-4320